हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

www.sparshbhilai.com

हमें ख्याल हैं आपके परिवार का, इसलिए हम सुनिश्चित करते हैं सुरक्षित एवं बेहतरीन सेवाएँ...

SPARSH MULTISPECIALTY HOSPITAL

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई

नवजात शिशु एवं बाल रोग — महिला-प्रसूति एवं क्रिटिकल केयर की सर्वश्रेष्ठ टीम



डॉ. ए.पी. सावंत
MBBS, DCH, PGDHHM

डॉ. अंकुर परगनिहा
MBBS, DNB, FIAP-ICC

डॉ. आशीष जैन
MBBS, DCH

डॉ. रिचा गुप्ता
MBBS, PGDMCH

डॉ. मोनीदीपा साहा
MBBS, MS (Laparoscopy Surgeon)

डॉ. संजय गोयल
MBBS, MD, Critical Care Specialist

आयुष्मान के अंतर्गत नवजात शिशुओं का ICU में पूर्णत: नि:शुल्क ईलाज

• नवजात शिशु एवं बाल रोग गहन चिकित्सा विशेषज्ञ की 24x7 उपलब्धता • NICU, PICU की सुविधा
• शिशु एवं बाल रोग शल्य चिकित्सक की उपलब्धता • नॉर्मल, सिजेरियन एवं हाईरिस्क डिलवरी
• प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

1,00,000+ बच्चों का सफल इलाज
5,000+ NICU-PICU से स्वस्थ्य हुए बच्चे
6,000+ गर्भवती महिलाओं का विश्वास
4,00,000+ मरीजों का विश्वास

आपातकालीन हेल्पलाइन– 72250 59701
72250 59707, 0788 - 4252222 TOLL FREE NO. 1800 309 1616

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी, भारतीय रेलवे, एनएमडीसी, एनटीपीसी,एनएसपीसीएल, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना-ओड़िसा एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शासकीय योजनाओं से कैशलेस इलाज हेतु मान्यता प्राप्त

Deepak Advertisers

हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY

# हरिभूमि भिलाई संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हरिभूमि भिलाई संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



## लेजर उपचार
त्वरित और दर्द मुक्त इलाज
- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ज्यादा फायदेमंद
- फिर से होने की कम से कम संभावना
- कम से कम समय में काम पुनः शुरु कर सकते हैं
- रक्तस्राव एवं वेदना सबसे कम
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी और गुणकारी
- शीघ्र शल्यक्रिया पश्चात कम से कम तकलीफ

Hemorrhoids, Fistula, Fissure, Pilonidal Sinus

बवासीर, भगंदर, फिशर्स और पायलोनिडल सायनस के लिए लेजर उपचार उपलब्ध है।

लिंग की टाइट चमड़ी का इलाज
PHIMOSIS
का सबसे आसान उपाय है
स्टेपलर सर्जरी

हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY

फाइमोसिस क्या है ?
फाईमोसिस (Phimosis) या निरुद्धप्रकाश शिश्न (Penis) का एक रोग है। इससे ग्रस्त शिश्न मुण्ड (Glans) की त्वचा तंग हो जाती है व पीछे नहीं खींची जा पाती जिससे शिश्न मुण्ड बाहर नहीं निकल पाता।

कारण :-
बच्चे में फाइमोसिस होना सामान्य बात है। इसके लिए किसी उपाय की जरूरत नहीं होती। समय के साथ यह स्वयं ही समाप्त हो जाती है। किन्तु युवाओं में फाइमोसिस असमान्य होती है जो किसी संक्रमण या उत्तेजना अथवा सामने की चमड़ी के इन्फेक्शन से हो सकती है। इससे यह चमड़ी पीछे नहीं जाती।

इलाज - फिमोसिस का सही ईलाज है कि इस तंग चमड़ी को सर्जरी द्वारा निकाल दिया जाए। इस सर्जरी को Circumcision कहते हैं।



### एस.एस. लेजर पाइल्स सेन्टर
(एडवांस लेजर ट्रीटमेंट)
पाइल्स, फिस्टुला, फिशर्स, पायलोनिडल सायनस
छावनी चौक के पास, नंदिनी रोड, भिलाई
डॉ. आर.पी. गुप्ता (एम.एस.)
(जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन)
Contact
0788-4031253
M.: 98271-63238

हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY

# हरिभूमि
रायपुर संस्करण की 23वीं स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



रतन दासगुप्ता
अध्यक्ष
BSP एसीलरी इंडस्ट्री एसोसिएशन
B.S.P. Ancillary Industries Association

# बी.एम.शाह हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर
bm SHAH Hospital & Medical Research Centre
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH CERTIFIED



स्पेशलिस्ट डॉक्टर की ओ. पी. डी मात्र 100 ₹
प्रति दिन मरीजों के लिये भोजन मात्र ₹1 में
सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का प्राथमिक उपचार निःशुल्क

कैशलेस इलाज हेतु सभी हेल्थ इंश्योरेंस/ टी.पी.ए./ कॉर्पोरेट एवं सरकारी योजनाओं से अनुबंध।

INDIAN RAILWAYS, CSPHCL

24*7 आपातकालीन सुविधाएं
दवाइयों में 10% की छूट

डॉ. जय तिवारी
एम.डी.(मेडिसिन) मेडिकल डायरेक्टर

डॉ. अरुण मिश्रा
डायरेक्टर (ऑपरेशन्स)

## विगत 11 वर्षों से जनसेवा में समर्पित

## भिलाई के श्रेष्ट और अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर्स / सर्जनों की टीम

| | | | |
|---|---|---|---|
| न्यूरोलॉजी | न्यूरोसर्जरी | हृदय रोग | प्लास्टिक सर्जरी |
| मूत्र रोग | किडनी रोग | पेट रोग | हड्डी रोग |
| जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी | छाती एवं श्वसन रोग | जनरल मेडिसिन | कान, नाक, गला रोग |
| प्रसूति एवं स्त्री रोग | शिशु रोग | नेत्र रोग | चर्म रोग |

रेडियोलॉजी | पैथोलॉजी | दंत रोग | फिजियोथेरेपी | दूरबीन पद्धति द्वारा फेफड़े एवं पेट के जांच की सुविधा

### ADVANCED CHEST CENTRE
डॉ. तन्मय जैन
डी. टी. सी. डी., डी. एन. बी. (चेस्ट)
छाती, श्वास, एलर्जी, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

ब्रोंकोस्कोपी



- बार- बार खांसी या निमोनिया होने पर
- कफ (बलगम) या गले व फेफड़ों से ऊतकों का सैंपल लेने के लिए
- फेफड़े में गठान एवं टी. बी. की जांच के लिए
- फेफड़ों में अत्यधिक खून बहने पर

इलाज एवं प्रक्रियाएँ
- स्पाइरोमेट्री, थोरेकोस्कोपी, फेफड़े में पानी जमा होना
- एलर्जी परीक्षण एवं इलाज
- धूम्रपान की लत से छुटकारा
- गंभीर वेंटीलेटेड मरीज का इलाज, खर्राटों की जांच एवं इलाज
- अस्थमा, ब्रोंकाइटिस एवं वाइरल निमोनिया का इलाज
- निमोनिया फ्लू के टीके एवं फेफड़े की सिकुड़न इत्यादि।

Deepak Advertisers

शास्त्री नगर, सुपेला, भिलाई (छ.ग.) 77730 77711 77730 77722
ईमेल info@bmshah.in
वेबसाइट www.bmshah.in

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 08.9 डिग्री

16 कैंडल मार्च निकालकर एसोसिएशन ने स्व.अतुल को दी श्रद्धांजलि



16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में हुई बैठक





## खबर संक्षेप

### अवैध रुप से गांजा बेचने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिट एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वार्ड 10 रुप नगर कुम्हारी महेश जगत के यहां दबिश देकर 1 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी से नगदी 8000 रुपए बरामद किया है। इसके अलावा गांजा बेचने के मामले में एक महिला को भी कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला का नाम रुप नगर कुम्हारी निवासी दहीमति है। महिला के पास से 1 किलो 600 ग्राम और नगदी 4 हजार रुपए जब्त किया है।

### किसान पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने का प्रयास

**भिलाई।** किसान पर पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोली धमधा निवासी अंजु लोधी ने शिकायत किया था कि वह खेती-किसानी का काम करती है। शनिवार शाम सोक्ता गड्ढे की बात को लेकर पडोसी कैलाश वर्मा के साथ से विवाद हो गया। कैलाश ने अंजू से गाली-गालौच शुरू कर दिया। घटना की शिकायत करने पति मानू राम लोधी के साथ बाइक से धमधा पुलिस थाना जाने के लिए निकली। आरोपी कैलाश वर्मा अपने घर से बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा और जान से मारने पीड़िता के पति के शरीर पर पेट्रोल छिड़क दिया। इसके बाद माचिस मारकर आग के हवाले कर दिया।

### हाउस लीज लायसेंस योजना में हो विस्तार

**भिलाई।** हाउस प्लीज संयुक्त संघर्ष समिति की महाबैठका सिविक सेंटर पार्किंग जोन में संपन्न हुई । बैठक में टाउनशिप के अलावा श्रमिक बस्तियों से भी बड़ी संख्या में लोग आए थे। बैठक में सभी वक्ताओं ने प्रवर्तन विभाग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि कब्जा प्रबंधन की शह पर ही हुआ है। इसकी नुकसानी भरपाई की जिम्मेदारी भी इन्हीं की है। उपलब्ध साक्ष्य अनुसार आज की तारीख में नगर सेवाएं विभाग में तैनात एवं सुरक्षा गार्ड स्वयं रिसाली सेक्टर के आवास को किराया में चलाती हैं। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने लीज लाइसेंस योजना में विस्तारितकरण को ही अंतिम विकल्प करार दिया। बैठक में पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, सेवन ठाकुर, जमुना ठाकुर, राजेश चौधरी, नोमिन साहू सहित आदि मौजूद थे।

**लापरवाही:** निगम को हुआ करोड़ों का राजस्व नुकसान

# आठ साल पूर्व कोर्ट ने कहा था, गोकुल नगर में खटाल व्यवस्थापन, निगम को अब पता चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम अधिकारियों की एक बड़ी लापरवाही से निगम को करोड़ों रुपए राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा। मामला गोकुल नगर कुरूद में भैंस खटाल संचालकों को व्यवस्थापन का है। आठ साल पहले यानी 12 जनवरी 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने खटाल संचालकों द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए निगम के पक्ष में फैसला दिया था। हैरान करने वाली जानकारी यह है कि भिलाई निगम के तत्कालीन आयुक्त ये मानकर चल रहे थे कि इस मामले में कोर्ट का स्टे लगा हुआ है। किसी अफसर ने आदेश का सूक्ष्म अवलोकन नहीं किया। नतीजा इतने वर्षों तक मामला यूं ही पड़ा रहा। यदि उसी समय कोर्ट के आदेश पर अमल किए होते तो खटाल संचालकों का व्यवस्थापन हो जाता। उनसे करोड़ों रुपए की राजस्व प्राप्ति होती। जनता को भी खटालों से मुक्ति मिलती।

हरिभूमि सरोकार

### 164 खटाल संचालकों का व्यवस्थापन

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित हो रहे खटालों को व्यवस्थित करने के लिए गोकुल नगर कुरूद में व्यवस्थापित किया गया था। गोकुल नगर योजना अंतर्गत ग्राम कुरूद स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 1030 रखवा 13.,12 हेक्टर नगर निगम भिलाई को आवंटित है। इस स्थल पर ही शहर में संचालित हो रही 164 पशु मालिकों के खटालों को उनके पशु संख्या के आधार पर ऑफर लेटर देकर के व्यवस्थापित किया गया था। 10 सितंबर 2007 में श्याम बाई एवं अन्य द्वारा 10 सितंबर 2007 को उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका का प्रस्तुत की गई थी। याचिकाकर्ताका कथन था कि उक्त भूखंड पर उनका मालिकाना हक है। जिसमें 1 जून 2008 को शासन के पक्ष में यथा स्थिति कायम करने हेतु स्थगन आदेश पारित किया गया था। मतलब खटाल का आवंटन सही था। खटाल संचालित निर्विवाद रूप से हो सकता है। पारित आदेश के विरुद्ध याचिका करता श्याम बाई और अन्य द्वारा उच्चतम न्यायालय सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में सुनवाई याचिका दायर की गई थी। 12 जनवरी 2016 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दायर याचिका खारिज कर दिया। नगर निगम भिलाई के कर्मचारी श्याम बाई के पक्ष में स्टे मानकर चल रहे थे।

### इस तरह हुआ निगम को राजस्व का नुकसान

खटाल मालिकों द्वारा जमीन पर आवंटन से अधिक कब्जा करके खटाल संचालित किया जा रहा है। उनको नगर निगम भिलाई द्वारा पानी, बिजली, सड़क की सुविधा प्रदान की जा रही है। अभी उनसे किसी भी प्रकार का संपत्ति कर एवं अन्य राजस्व कर नहीं लिया जा रहा है। मौजूदास्थिति यह है कि कई खटाल संचालकों ने आबंटन से ज्यादा जगह पर कब्जा कर लिया है। निगमआयुक्त पांडेय ने निगम के अर्पित बंजारे उप अभियंता प्राक्कलन एवं प्रस्ताव तैयार कर लोन कार्यालय के माध्यम से आयुक्त को प्रस्तुत करने कहा है। गठित सर्वे दल द्वारा गोकुल नगर में सर्वे का काम शुरू कर दिया हैं। किस खटाल मलिक को कितना भूखंड आवंटित किया गया था। उनके द्वारा वर्तमान पर कितने पर कब्जा है। कितने लोग खटाल संचालित कर व्यवसाय रहे हैं। कितने लोग बंद कर दिए हैं। इन सभी बिंदुओं पर सर्वे किया जा रहा है।



### नए आयुक्त पांडेय के केस स्टडी से मामला खुला

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा इस केस का संज्ञान लिया गया। उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खोजबीन की तो पता चला कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह मुकदमा 12 जनवरी 2016 को खारिज कर दिया गया है। नगर निगम भिलाई इसमें 164 खटाल संचालकों को जिनको ऑफर लेटर दिया गया था। उनसे पूरा पैसा जमा करवा कर आगे व्यवस्थापन की प्रक्रिया कर सकता है। आयुक्त पाण्डेय, जोन कमिश्नर ऐसा लहरे एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को लेकर के कुरूद गोकुल नगर का निरीक्षण करने गए।

### सर्वे के लिए ये टीम बनी

दल के सदस्य शरद दुबे प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी, अनिल मिश्रा प्रभारी सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी, रामवृक्ष यादव अनूरेखक, अंजनी सिंह प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, प्रश्नाधीन क्षेत्र में आवंटित खटाल संचालकों का सर्वे तीन दिन के अंदर सर्वे करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। दशरथ ध्रुव सहायक अधीक्षक, उन्मेष साहू अनूरेखक, संतोष पांडे प्रभारी लिपिक, कार्यालय व्यवस्था के अंतर्गत राजस्व विभाग के माध्यम से गोकुल नगर व्यवस्थापन योजना से संबंधित नस्तियों को संधारित करेंगे। गोकुल नगर व्यवस्थापन योजना के अंतर्गत आवश्यक मूलभूत सुविधा पानी, लाइट, सड़क आदि उपलब्ध कराने जाने के संबंध में शासन की योजना अनुसार यह नगर निगम भिलाई का बड़ा कदम होगा। जिससे सफाई व्यवस्था और बेहतर होगी। एक सुंदर व्यवस्थित भिलाई की कल्पना साकार होगी।


**नोटिस देंगे खटाल संचालकों को**

गोकुल नगर कुरूद में खटाल संचालकों को व्यवस्थापित किया जाएगा। शहर के भीतर जितने भी खटाल संचालित हो रहे हैं, सभी को नोटिस जारी कर रहे हैं। जिससे एक जगह ही सभी का व्यवस्थापन हो जाए। वहां पर भू-खंड और भी खाली है। जिसमें व्यवस्थापन आसानी से हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन इतने वर्षों तक नहीं किया गया, इसकी भी पड़ताल मौजूदा अधिकारियों से की जाएगी।

राजीव कुमार पांडेय, निगम आयुक्त भिलई



# फिल्टर प्लांट में खराबी आज नहीं मिलेगा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में 15 दिसंबर की रात तकनीकी दिक्कत आ गई। जिसकी वजह से भिलाई और रिसाली निगम के लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा। 16 दिसंबर को इन दोनों निगम क्षेत्रों के ज्यादातर इलाके में पेयजल सुबह पाली में नहीं मिल पाएगा। निगम द्वारा शाम पाली में जलप्रदाय किए जाने की संभावना जताई गई है लेकिन पानी टंकियों को भरने में कई घंटे लगेंगे। इस स्थिति में शाम पाली में भी नल से पानी आने में देरी हो सकती है।

### भिलाई-रिसाली निगम के इन क्षेत्रों में पेयजल नहीं

नगर निगम भिलाई के अंतर्गत नेहरू नगर,स्मृति नगर,फरीद नगर, स्लाटर हाउस,खमरिया पानी टंकी नहीं भरी जा सकेगी। इसी तरह नगर निगम रिसाली क्षेत्र के रूआबांधा, मरोदा ,रिसाली, नेवई उच्च स्तरीय जलागार से जलप्रदाय प्रभावित रहेगी। रिसाली निगम का स्वयं का फिल्टर प्लांट स्थापित नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से जब भी भिलाई निगम के फिल्टर प्लांट में तकनीकी दिक्कत आती है तो रिसाली निगमवासियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।




खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

# पीडीएस चावल खपाने की शिकायत पर कार्रवाई

**21 क्विंटल चावल किया जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पीडीएस चावल व्यापारियों द्वारा खपाने की शिकायत पर खाद्य विभाग ने आज कार्रवाई की खाद्य महकमा की टीम ने मामले में 21 क्विंटल चावल जब्त की है टीम द्वारा जब्त चावल पुलिस की सुपुर्दगी में देकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### संदेह के आधार पर जब्त

खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि पीडीएस का चावल होने की संदेह के आधार पर जब्त कर पुलिस की सुपुर्दगी में दी गई है उक्त चावल का सेम्पल लेकर नान को भेजा गया है जिसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन राइस मिल में जाकर रुका

जानकारी मिली की पीडीएस का चावल बाजार में खपाने एक वाहन भिलाई से जेवरा सिरसा की ओर जा रहा। शिकायत मिलते ही तत्काल खाद्य विभाग की टीम बताए गए पते पर पहुंचकर उक्त वाहन का पीछा करने लगी। उक्त वाहन से सीधे जेवरा सिरसा स्थित गुरुदेव राइस मिल में घुस गया। जहां खाद्य की टीम भी दाखिल हो गई। उन्होंने जांच में पाया कि वाहन में प्लास्टिक के 42 कट्टों में 21 क्विंटल चावल था। गाड़ी मालिक राकेश कुमार से इस चावल के संबंध में टीम ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उक्त चावल एक दुकान में देने लेकर गया था। मगर गुणवत्ता कम होने की वजह से वापस कर दिया गया।

# पुलिस ने की छह सौ लोगों की शिनाख्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस का तीसरे दिन भी भिलाई नगर क्षेत्र के पारिजात कालोनी में, जामुल, पदमनाभपुर और दुर्ग में अभियान चलाकर संदिग्धों पर कार्रवाई की गई। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि रविवार को 25 बाहरी नागरिकों की पहचान की गई है। जिसमें ढांचा भवन, आम्रपाली, अटल आवास जामुल, ढौर, नवातरिया खेदामारा एवं दामाद पारा, छावनी 31, सुपेला, फरीदनगर 8, सराफा, मैथिलीपारा, गांधी चौक, दुर्गा चौक, तकियापारा, लुचकीपारा बाहरी नागरिकों की शिनाख्त हुई है। बिना सूचना के निवास कर रहे अब तक 522 नागरिकों पर कार्रवाई हो चुकी है। अब तक कुल 600 बाहरी नागरिकों की पहचान की गई है। इनके खिलाफ धारा 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई हुई है। टीम में सीएसपी स्तय प्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी हरिश पाटिल, टीआई प्रशांत मिश्रा, कपिल पाण्डेय समेत मोहन नगर, कोतवाली दुर्ग, अंजोरा पुलिस टीम पहुंची थी। जांच में लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र को चेक किया गया। कास वेरिफिकेशन किया गया, जो लोग दीगर प्रदेश से आकर निवास कर रहें है। इनकी भी जानकारी ली गई। पूछताछ करने पर भी कई लोगों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि किराएदार निवास कर रहे हैं। पूर्ण विवरण दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी थाना चौकी में अनिवार्य रूप से सूचित करें। नहीं करने की स्थिति में पुलिस कार्रवाई करेगी।

### आम सभा की बैठक 19 को

**भिलाई।** बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की 58वीं आमसभा की बैठक 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे प्रगति भवन (ओए बिल्डिंग), सिविक सेंटर, भिलाई में होगी। महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जैसे 11 महीने के भत्ते का बकाया भुगतान, ईपीएस 95 पेंशन की वर्तमान स्थिति, बढ़ी हुई ग्रेच्युटी, चिकित्सा विभाग में कठिनाइयों से संबंधित मुद्दे, डॉक्टरों के लिए अपॉइंटमेंट की ऑनलाइन बुकिंग के प्रावधान की कमी आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।




**9 महीने के बच्चे का पूरा खर्च करेंगे वहन**

# रूद्रांश की ओपन हार्ट सर्जरी के लिए विधायक रिकेश करेंगे मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई खुर्सीपार निवासी 9 महीने के मासूम रूद्रांश की ओपन हार्ट सर्जरी के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दिल्ली के एम्स में चर्चा कर उसके उपचार का बीड़ा उठाया है। रूद्रांश के माता-पिता ने विगत दिनों आर्थिक सहायता के तहत विधायक श्री सेन से मुलाकात कर इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई थी। श्री सेन ने तत्काल पहल करते हुए एम्स में रूद्रांश की हार्ट सर्जरी के लिए व्यवस्था करवाई है। उन्होंने परिवार के दिल्ली आने जाने, रूकने, भोजन और दवा आदि के खर्च की जिम्मेदारी ली है।



### महाकुंभ के लिए 1000 थैले व थाली सेट दान

तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ आगामी पवित्र महाकुंभ को हरित कुंभ बनाने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने 1000 थैला एवं थालियों का सेट हरित कुंभ के लिए दान किया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक कार्यक्रम में श्री सेन की इस पहल और दान को भिलाई नगर संघ चालक रामजी साहू ने स्वीकार किया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि उन्हें जैसे ही जानकारी मिली कि इस प्रकार का अभियान कुंभ में होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा चलाया जा रहा है, उन्होंने अपना सहयोग करने के लिए तत्काल संपर्क किया। उन्होंने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा में ऐसे लोग जो महाकुंभ जाना चाहते हैं उनके लिए अपनी तरफ से एक सहायता की मुहिम भी उन्होंने चलाई है। जिसमें एक तरफ की रेल यात्रा का किराया वो दे रहे हैं, जिससे यात्रियों का खर्च आधा हो जाता है और ऐसे लगभग 750 लोगों की सूची उनके पास अब तक बन चुकी है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यह 1000 थालियों का सहयोग शुरुआत है, इस अभियान को वह एक बड़ा रूप देंगे और ज्यादा से ज्यादा हरित कुंभ के लिए सहयोग करने लोगों से आग्रह भी करेंगे।



**खबर संक्षेप**

## सांसद बघेल ने संसद में उठाया चिकित्सा विस्तार का मुद्दा

**भिलाई।** सांसद द्वारा अपने लोकसभा क्षेत्र दुर्ग में चिकित्सा सुविधा के विस्तार के लिए लोकसभा में स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित किया गया। श्री बघेल ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सेक्टर 9 भिलाई में जवाहर लाल नेहरू अनुसंधान



केन्द्र एवं चिकित्सालय संचालित है। चिकित्सालय की 800 बिस्तर की क्षमता है। वर्तमान में जनसंख्या वृद्धि के साथ चिकित्सा सेवा का विस्तार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। छत्तीसगढ़ में मेरे लोकसभा के नजदीक रायपुर लोकसभा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थित है। लेकिन राज्य में और अधिक चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता है, जिसकी पूर्ति एम्स रायपुर द्वारा नहीं की जा सक रही है, जिससे के मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पताल अथवा राज्य के बाहर जाना पड़ता है। इससे आम जनता का खर्च भी ज्यादा होता है एवं समय पर उपचार की सुविधा नहीं हो पा रही है।

### स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की बैठक में हुई समीक्षा

# बीएसपी के ठेका मजदूरों को मिले 25 हजार वेतन और आवास भत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों की लंबित समस्याओं के निदान के लिए यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने गुजरते साल के दौरान श्रमिकों के कुछ मुद्दों में हुए सुधार से उत्साहित होकर आने वाले नए साल के दौरान लंबित मांगों को पूर्ण कराने मजदूरों को एकजुट करना शुरु क दिया है।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन की हुई बैठक में अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि यूनियन के प्रयास से ठेका श्रमिकों की सुविधाओं में कुछ सुधार हुआ है। 2025 में लंबित मांगों को पूर्ण करने प्रबंधन पर दबाव बनाया जाएगा। मजदूरों को 5% प्रतिशत आवास भत्ता दिया जाए। सेल के राउरकेला इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों को पांच प्रतिशत आवास भत्ता दिया जा रहा है जबकि सेल के ही बीएसपी में ठेका श्रमिकों को आवास भत्ता नहीं दी जा रहा है।

इंटक यूनियन इस संबंध में निदेशक प्रभारी के नाम ज्ञापन सौपा है एवं प्रबंधन से चर्चा कर रही है बीएसपी के ठेका श्रमिकों को भी पांच प्रतिशत आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को ठेका श्रमिकों को आवंटन किया जाए। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ठेका श्रमिकों को 26 हजार रुपये न्यूनतम मासिक वेतन दिलाने के लिए एवं ठेका कंपनी बदलने पर श्रमिकों काम की गारंटी एवं ईएसआईसी से इलाज संबंधित सुविधाओं में बढ़ोतरी जैसे विषयों पर कार्य करेगी।



#### नए साल के लिए बनी रणनीति

इंटक की सेक्टर 4 यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में साल भर में स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के द्वारा ठेका श्रमिकों के वेतन एवं सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए लगातार किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। 2025 में कार्य करने की रूपरेखा पर चर्चा की गई। अध्यक्ष संजय साहू ने कहा की इंटक यूनियन भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन एवं रखरखाव में 70% कार्य ठेका श्रमिकों द्वारा किया जा रहा है एवं यूनियन लगातार बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक में चर्चा कर उनकी वेतन एवं सुविधाओं के बढ़ोतरी के लिए कार्य कर रही है। इसमें ठेका श्रमिकों का 10 लाख का सामूहिक दुर्घटना बीमा, सभी ठेका श्रमिकों का मेडिकल,ए डब्ल्यू ए की राशि में बढ़ोतरी ,सुरक्षा के समान के गुणवत्ता में बढ़ोतरी, अंतिम भुगतान एवं छुट्टी की राशि, ठेका श्रमिकों के कार्य की गारंटी ,ठेका में स्थानीय श्रमिकों की ज्यादा से ज्यादा भरती, ठेका पद्धति में सुधार, श्रमिकों के लिए रेस्ट रूम की व्यवस्था एवं एचएसएलटी ठेका श्रमिकों के केवाईसी में सुधार के लिए स्पेशल कैंप लगाया गया एवं बहुत से सुधार कार्य किए हैं।

#### ठेका पद्धति में सुधार से लाभ

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की मांग पर बीएसपी के उच्च प्रबंधन ने ठेका पद्धति में सुधार किया गया जिससे ठेका श्रमिकों को पूरा वेतन मिलेगा।अधिकांश ठेका में रिवर्स ऑप्शन एवं ठेका पश्चात होने वाली नेगोशिएशन को बंद किया गया है एवं इंजीनियरिंग एस्टीमेट से ठेका दिया जा रहा है एवं राज्य सरकार द्वारा वेतन में बढ़ोतरी होने से उसे भी ठेका पद्धति में जोड़ा गया है वर्तमान में जो ठेका इंजीनियरिंग एस्टीमेट से हो रहा है जिससे ठेका श्रमिकों को उनका निर्धारित वेतन एवं ए डब्ल्यू ए दिया जा रहा है। आने वाले समय में अधिकांश ठेका नया ठेका प्रणाली से की जाएगी जिससे श्रमिकों के वेतन में सुधार होगा। एडब्ल्यूए की 2300 रुपए की राशि अभी भी अधिकांश ठेका श्रमिकों को नहीं दी जा रही है। यूनियन ठेका श्रमिकों को 3700 रुपए ए डब्ल्यू ए दिलवाने के लिए प्रयासरत हैं।बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, मनोहर लाल, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखी राम साहू ,देवेंद्र कुमार, कान्हा, रामू कुलेश्वर कुमार, डामन लाल साहू, नारायण सुरेश दास टंडन, एवं संतोष कुमार, डेलू राम साहू ,जगन्नाथ यशवंत कुमार, जय कुमार इंद्रमणि, राजू ,देवेंद्र कुमार, नवीन कुमार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

## मंडल चुनाव के लिए तीन नामों का बना पैनल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- प्रदेश कमेटी लगाएगी मुहर
- कोर कमेटी की बैठक में मंडल अध्यक्षों के नामों पर मंथन

भाजपा में संगठन चुनाव के तहत मंडलों के निर्वाचन की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिला भाजपा भिलाई जिला भाजपा में मंडल अध्यक्षों के लिए तीन लोगों का पैनल बनाया गया है। कोर कमेटी ने अपने निर्णय को सुरक्षित रख इसे प्रदेश भाजपा को भेज दिया है।

प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की मैराथन बैठक रविवार को भिलाई में भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुई। बैठक में चुनाव अधिकारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पर्यवेक्षक संगठन चुनाव प्रभारी अनुराग सिंह देव व सांसद विजय बघेल सहित विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय, जिला भाजपा भिलाई अध्यक्ष महेश वर्मा,प्रदेश मंत्री राकेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, बृजेश बिजपुरिया आदि उपस्थित थे। बैठक में कोर कमेटी के समक्ष भिलाई जिला के 13 मंडलों के अध्यक्षों के लिए नामों की सूची मंडल चुनाव अधिकारियों द्वारा पेश की गई। चुनाव अधिकारियों ने इस पर चार घंटे की मैराथन बैठक में तीन तीन नामों के बनाए गए प्रति मंडल पैनल के नामों पर विचार लंबा विचार मंथन किया। तीन नामों के पैनल पर विचार कर अपना निर्णय प्रदेश भाजपा कमेटी को बताएंगे। इसके बाद 13 मंडलों के अध्यक्ष पर मुहर लगेगी।

#### भिलाई में तेरह मंडलों में होना है चुनाव

जिला भाजपा भिलाई के तेरह मंडलों में अध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके लिए कई दावेदार थे। दावेदारों में तीन नामों के चयन के बाद अब कौन नया मंडल अध्यक्ष होगा, इसके लिए सभी को इंतजार होगा। नामों की घोषणा प्रदेश कमेटी जल्द करेगी। भिलाई में ही बैठक में हुई बैठक में विभिन्न मंडलों के चुनाव अधिकारी उपस्थित थे। इनमें रिसाली मंडल के चुनाव अधिकारी शंकरलाल देवांगन,खुर्सीपार मंडल के योगेंद्र सिंह,कुम्हारी मंडल- मिथिल खिचरिया,भिलाई तीन चरौदा मंडल- स्वीटी कौशिक, जामुल- रामउपकार तिवारी, पश्चिम मंडल- रिंकू सिंह, कैंप मंडल- भूषण अग्रवाल, वैशालीनगर सत्येंद्र सिंह, पूर्व मंडल प्रेमलाल साहू, जामुल मंडल विनोद सिंह उपस्थित थे। बैठक में जिला भाजपा भिलाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व महामंत्री योगेंद्र सिंह के जन्म दिन पर केक काटा गया। भाजपा नेता गौरीशंकर अग्रवाल, विजय बघेल व प्रेमप्रकाश पांडेय ने केक व मिठाई खिलाकर सिंह को शुभकामनाएं दीं।

## टाइपोग्राफिकल मिस्टेक होने पर औद्योगिक इकाइयों को बैन करने का समय हुआ कम

**भिलाई।** बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के लगातार प्रयास से सेल ने अपनी पॉलिसी में बदलाव किया है। किसी औद्योगिक इकाई द्वारा टाइपोग्राफिकल मिस्टेक होने पर बीएसपी प्रबंधन उसे 1 वर्ष के लिए बैन कर देता था। अब सेल ने इस समय को कम कर 6 माह कर दिया है। इससे कई प्रभावित उद्योगपतियों को राहत मिलेगी। 3 माह पूर्व 16 सितंबर को केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडीकुमार स्वामी का भिलाई प्रवास के दौरान। इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने उन्हें चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था। चार मांगों में एक मांग पूरी कर दी गई है। दिल्ली कॉर्पोरेट ऑफिस से इसकी सूचना बीएसपी प्रबंधन को मिल भी चुकी है। एसो. के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता ने बताया कि चार सूत्रीय मांग पत्र में हमारी एक मांग टाइपोग्राफिकल मिस्टेक को लेकर थी। अभी तक टाइपोग्राफिकल मिस्टेक होने पर बीएसपी द्वारा औद्योगिक इकाईयों को 1 वर्ष के लिए बैन कर दिया जाता था। एसोसिएशन ने इस समय को कम करने की मांग की थी। इस्पात मंत्री ने टाइपोग्राफिकल मिस्टेक होने पर 1 वर्ष की लिए बैन किए जाने के समय को कम कर 6 माह कर दिया है। श एसोसिएशन लंबे समय से इसकी मांग कर रहा था। दासगुप्ता मांग के पूरा होने पर इस्पात मंत्री व बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता और ईडी (सीएमएमजी) सेल जावेद अहमद के प्रति आभार जताया है।

- बीएसपी एंसी. इंडस्ट्री. एसो. के प्रयास से सेल ने पॉलिसी में किया बदलाव



## शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर बैठक में दिया जोर



**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज की बैठक रविवार को खुर्सीपार स्थित उत्कल भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी ने किया। इस दौरान समाज के प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिसमें भवन के प्रभारियों की नियुक्ति की गई। जिसमें प्रभारी दीपक सोना उसके साथ आशीष नंदा, मनोज दीप को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव तरुण निहाल ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर समाज के लोगों को जागरुक कर उन्हें नशापान से दूर रहने को लेकर सलाह दी गई है। इसके अलावा उड़िया समाज के लोगों के बीच में पहुंचकर सदस्यता बनाने को लेकर भी जोर दिया गया। नए साल में मिलन समारोह, गणतंत्र दिवस समेत महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अर्जुन कुमार, कृष्णा सोना, दायनिधि विभार, रतन तांडी, सागर जितेन्द्र, मंटू सिक्का, कृष्णा तांडी, राम कुमार, विजय क्षत्रिया, सुरेश बाघ, रामचंद्र बेहरा, भुवनो महानंद समेत अन्य लोग शामिल थे।

## एमआरडी विभाग में हुई राजभाषा कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जीएम आलोक कुमार मुख्य अतिथि थे। कार्यशाला में एमआरडी के कार्यक्षेत्र में पदस्थ एफ़एसएनएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में उप महाप्रबंधक रेजी उन्नून्नी, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंध प्रशांत यादव सहित विभाग के अन्य कार्मिकग उपस्थित थे। माथुर ने कहा कि हमारा विभाग एमआरडी शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने को पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## राजेन्द्र पार्क से ग्रीन चौक तक बनेगा डिवाइडर सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी उपाय करने को कहा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) को झरोखा बोगदा पुलिया से डी-मार्ट एवं आरोग्यम हॉस्पिटल से झरोखा बोगदा पुलिया तक मुख्य सड़क मार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे डी-मार्ट, मारूति शोरूम, झरोखा मैरिज पैलेस, हेरीटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल जैसे अन्य व्यवसायिक संस्थाओ में आवागमन के दौरान आम नागरिकों को सुविधा होगी। उन्होंने नगर निगम अधिकारी को नेहरू नगर चौक से कुम्हारी टोल प्लाजा तक राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के दोनों ओर निर्मित सर्विस लेन में अतिक्रमण को हटाने के साथ समतल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बोरसी चौक के पास स्थित पुलिया को तोड़कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दिए।

बिजली विभाग को महाराजा एवं मिनीमाता चौक के मध्य स्थित बिजली खम्भा को अन्य जगह स्थानांतरित करने कहा। भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा टक्कर मार भागना मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है। कलेक्टर ने जिले में घटित हिट एंड रन सड़क दुर्घटना के प्रकरण में पीड़ित गंभीर घायल/मृतक के कानूनी प्रतिनिधि को मुआवजा राशि हेतु/दावा निपटान प्रक्रियाओं में तेजी लाने निर्देश दिए। भवन अनुज्ञा प्रदान करते समय पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चत करने को कहा।

राजेन्द्र पार्क चौक से ग्रीन चौक तक पतला डिवाईडर लगाने को कहा। उन्होंने आमजनों की जान-मान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर बल दिया। बैठक में अपर कलेक्टर लता उर्वशा, आरटीओ एस.एल. लकड़ा, सुभाष बंजारे, डीएसपी विंदराज, बीएसपी सरोज झा व कमरूद्दीन, कार्यपालन अभियंता, नगर निगम, एनएचएआई सहित लोक निर्माण विभाग विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



#### ब्लैक स्पॉट को सुधारने की कवायद

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में यातायात जागरूकता बढ़ाने तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दुर्घटना से बचने के लिए दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने निर्देश दिए।

#### सहायक सड़कों पर बनेंगे गति अवरोधक

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा ने बताया कि, सड़कों पर ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट्स को चिन्हांकित कर दुर्घटनाओं को कम करने कोशिश लगातार जारी है। जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम किया जा रहा है, उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने राष्ट्रीय राजमार्गों को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने कहा। इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, लोनिवि के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा।

## समाजशास्त्र विभाग में व्याख्यान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान हेतु विषय विशेषज्ञ डॉ० के० एन० दिनेश, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर से आमंत्रित किया गया।

डॉ० दिनेश ने अपने व्याख्यान में सामाजिक अनुसंधान की प्रक्रिया, तकनीक और व्यावहारिक जीवन में उसके महत्व को बारीकी से छात्राओं के बीच रखा। छात्राओं की जिज्ञासा और सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम का संचालन कु० माजदा खातुन, सहायक प्राध्यापक ने किया तथा आभार प्रदर्शन समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ० मोनिया राकेश ने किया।

## अग्रवाल युवा संगठन ने अग्रसेन भवन में मनाया महालक्ष्मी वरदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- तपस्या से इसी दिन महालक्ष्मी हुईं थीं प्रसन्न

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के युवा इकाई द्वारा महालक्ष्मी वरदान दिवस अग्रसेन भवन में मनाया गया। संगठन के संरक्षक महेंद्र सकसेरिया एवं नेतराम अग्रवाल ने बताया की श्री अग्रसेन जी ने मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कठिन तपस्या की और अगहन मास की पूर्णिमा को ही मां लक्ष्मी ने श्री अग्रसेन को समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इसी कारण अग्रवाल समाज आज के दिन को महालक्ष्मी वरदान दिवस के रूप में पूरी श्रद्धा के साथ मनाता है। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज दुर्ग के संरक्षक विजय अग्रवाल एवं कमल नारायण रूंगटा ने अग्रसेन जी एवं मां लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चना एवं दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पंकज कृतिका ने बताया कि इस अवसर पर मिनी पत्रिका का विमोचन किया गया। जिसमें संगठन के सदस्यों एवं उनके उद्देश्यों की जानकारी प्रकाशित की गई। महिला मंडल की श्रीमती हेमलता मित्तल, आशा पिलानिया, अग्रवाल समाज दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती सरिता गोयल, महासचिव सरोज अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल सभी ने दीपों की श्रृंखला से मां लक्ष्मी की आरती की। कार्यक्रम का आयोजन दुर्ग इकाई के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल एवं अतुल जिंदल एवं उनकी पूरी टीम ने की। उन्होंने बताया कि युवा संगठन के सदस्यता ग्रहण करने वाले युवा सदस्यों को मेडिकल एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष प्रकार की रियायत प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के राधेश्याम, गौरी शंकर अग्रवाल, ललित सक्सेरिया, प्रतीक, आकाश गोयल, सागर सक्सेरिया, ललित रानी सती रौनक गर्ग उपस्थित थे।



#### कव्वाली का मुकाबला आज उरला में

**दुर्ग।** डॉ अंबेडकर नगर विकास समिति एवं भीम ज्योति महिला समिति द्वारा बुद्ध मेला एवं बुद्ध विहार का 13 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 16 दिसंबर को डॉ अंबेडकर नगर उरला वार्ड नंबर 58 में मनाया जाएगा। इस अवसर पर परित्राणां पाठ, धम्मदेशना के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## जिला स्तरीय पंथी स्पर्धा 17 दिसंबर को, भिलाई में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- प्रतिभा पहचान कर किया जाएगा पुरस्कृत

जिले के अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत, लोक गायन, लोक नृत्य जैसे पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी तथा अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों के पारंपरिक लोक वाद्य आदि में कलाकारों की प्रतिभा की पहचान करने एवं उन्हे पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने हेतु 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे विश्व बैंक कॉलोनी भिलाई 3 दुर्ग में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसकी प्रविष्टियां 16 दिसंबर शाम 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग में प्रस्तुत कर सकते है।

आदिवासी विकास विभाग दुर्ग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रविष्टियां प्रस्तुत करने हेतु इच्छुक दलों को अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारंपरिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए है तो इसका विवरण, यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किए है तो उसकी जानकारी, प्रविष्टिकर्ता के उत्कृष्ट कार्य के विषय में कोई लेख प्रकाशित हुआ है तो उसका विवरण देना होगा।

### ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की समीक्षा बैठक सपन्न

# लखपति महिला बनाने 3600 का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ली बैठक

जिला पंचायत सभागर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग द्वारा ली गई। जिसमें ब्लाक बिहान स्टाफ एवं पीआरपी का परिचय लिया गया। जिसके उपरांत सीईओ द्वारा सर्वप्रथम लखपति महिला पहल की समीक्षा की गई। जिसमें लखपति महिला बनाये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला दुर्ग को प्राप्त 3600 के लक्ष्य के विरूद्ध कुल



कितनी महिलाओं की कार्ययोजना बनाई गई है और विभागीय समन्वय स्थापित कर कितनी पीएलडी को लाभांवित किया गया एवं विभागीय समन्वय की अगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई और निर्देशित किया गया कि समस्त ब्लाक के एडीओ द्वारा जमीनी स्तर पर लखपति महिला पहल के संबंध में भौतिक सत्यापन किया जावे। बिहान योजना में कार्य कर रहीं कैडर के मानदेय राशि कि मांग जिला से किये जाने के पूर्व परफॉर्मेंस चार्ट निरीक्षण किया जावे और जिला स्तर से डीपीएम द्वारा भी उक्त कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिये गये एवं लखपति महिला पहल में जो समूह सदस्य लखपति बन चुके है उनकी सफलता कि कहानी प्रति सप्ताह 03 कहानी प्रति विकासखण्डों द्वारा दिया जावे। उपरोक्त सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु सुनिश्चित निर्देश दिये गए। लखपति महिला पहल अंतर्गत कार्यों की समीक्षा हेतु जिला स्तर से एक कमेटी का गठन करके साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण किये जाने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अलावा सचिव छत्तीसगढ़ शासन ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा लिए गए राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की कार्यवाही के विरूद्ध पालन प्रतिवेदन पर समीक्षा ली गई> जिसमें लाकोस एप्प में समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन की प्रोफाइल प्रविष्टि और संभावित लखपति महिला के चिन्हांकन तथा गतिविधि, आय-व्यय एवं आमदनी संबंधी प्रविष्टि एआरएफ, सीआईएफ, बैंक लिंकेज अंतर्गत मृत्य बीमित व्यक्ति के क्लेम समय पर दिलाये जाने की समीक्षा की गई।

## संभागायुक्त ने की प्रकृति परीक्षण कराने की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- शारीरिक, मानसिक संरचना समझने में मिलती है मदद

आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक देश का प्राकृतिक परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें भारत के सभी वयस्क नागरिकों का प्रकृति परीक्षण आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से किया जाना है। इसी कड़ी में दुर्ग संभाग के कमिश्नर एसएन राठौर का प्रकृति परीक्षण जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयुष विंग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ जयप्रकाश चंद्राकर द्वारा किया गया। आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक संरचना और प्रकृति को समझने में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति के शरीर में रोगों के प्रभाव को जानने और औषधियों के चयन में आसानी होती है। व्यक्ति की प्रकृति के अनुसार ही उसके स्वास्थ्य के लिए दिनचर्या और ऋतुचर्या निर्धारित होती है। कमिश्नर दुर्ग संभाग एसएन राठौर ने सभी नागरिकों से स्वेच्छा से प्रकृति परीक्षण कराने की अपील की है।

## लाइव इवेंट

### दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन में बताया, वेदों के अनुसार संसार का स्वरूप- धामेश्वरी देवी



**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन रिसाली सेक्टर बड़ा दशहरा मैदान में आयोजित किया गया है। प्रवचन श्रृंखला के छठवें दिन वेदों के अनुसार संसार के स्वरूप को स्पष्ट किया। धामेश्वरी देवी ने बताया कि वास्तव में दो प्रकार का संसार होता है एक भीतर का संसार, दूसरा बाहर का संसार। कुछ ज्ञानी लोग कहते हैं कि संसार मिथ्या है और कुछ कहते हैं कि संसार सत्य है यह दोनों बातें वेदों व शास्त्रों के अनुसार सही सिद्ध हो जाती है। वास्तव में हमारे मन में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि माया के विकार होते हैं। साथ ही मन सतोगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, तीन तरह की माया के अधीन रहता है इसी कारण हमारे मन के विचार प्रतिक्षण बदलते रहते हैं और यही कारण है कि संसार में किसी की किसी से नहीं पटती अर्थात विचारों में आपसी मतभेद रहता है। यह भीतर का संसार हमारे लिए ज्यादा खतरनाक होता है क्योंकि जैसे मानसिक विचार होते हैं वैसे ही व्यक्ति की प्रवृत्तियां हो जाती है कोई सतोगुणी, कोई रजोगुणी तो कोई तमोगुणी दिखाई पड़ता है। इसके विपरीत बाहर का संसार हमारे भौतिक शरीर को चलाने के लिए ईश्वर द्वारा बनाया गया है। बाहरी संसार सत्य है क्योंकि वह सदैव समान बना रहता है पंचतत्व का हमारा शरीर, पंचतत्व के बने इस सत्य संसार से ही ठीक ठीक चलता है।

#### भगवान में मन लगाने का करें निरंतर अभ्यास

देवी ने बताया कि कोई भी संसारी विचार मन में आते ही मन को वहां से हटाकर तुरंत भगवान में लगाना है। संसार से मन हटाना और भगवान में मन लगाना, निरंतर इसका अभ्यास करना होगा तभी अनादिकाल से संसार में आसक्त मन धीरे-धीरे भगवान में लगने लगेगा और वास्तविक गुरु की कृपा से मन पूर्ण रूप से भगवान के शरणागत हो जाएगा। संसार के स्वरुप का वेद शास्त्र आधारित और भी विवरण आगे प्रवचन में बताया जायेगा। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 20 दिसम्बर तक रोज शाम 6 से रात 8 बजे तक होगा।

● नजरिया को फिल्म फेस्टिवल में नामांकित कराने निर्देशक चित्रांश सहित कलाकार कर रहे तैयारी

# रुपेश को पिता की सोलर लाइट की चमक में मिला बड़े कलाकार का दिली सुकून

शहर से दूर जंगल और खेतों से घिरे गांव के मुहाने से गुजरती धड़धड़ाती ट्रेन... लोक गीत गुनगुनाते हुए अपने सपनों की पोटली को कसकर पकड़े रुपेश को रोज दिल्ली जाने की याद दिलाती दल्ली जाती गाड़ी... पिता की इच्छा में बदलता नाचा की फूहड़ता से निकलकर एक बड़ा और अच्छा लोक कलाकार बनने का उसका ख्वाब...और फिर अंधेरे में डूबे सोलर एनर्जी से रौशन अपने घर को देख पिता की खुशी में ही अपने सपने के पूरा होने का सुखद एहसास...।

**भिलाई।** पिता की ख्वाहिश में ही अपनी खुशी देखने वाले एक युवा लोक कलाकार की जद्दोजहद दिखाने वाली नजरिया नामक इस फिल्म में इसे बनाने वाले भिलाई के युवा रंगमंच और फिल्म निर्देशक के संघर्ष की भी प्रेरक दास्तां है। छत्तीसगढ़ी और हिंदी में बनी इस संदेशपरक फिल्म की कहानी जितनी दिलचस्प है उतनी ही प्रेरक भी है। युवा निर्देशक चित्रांश श्रीवास्तव के निर्देशकीय कसावट और मंझी हुई पटकथा से यह रील स्टोरी रियल स्टोरी होने का एहसास कराती है।

कहानी में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की जीवंत झलक के साथ ग्राम्यांचल में बढ़ते सौर ऊर्जा के प्रति भी लोगों को जागरुक किया गया है। फिल्म दिखाया गया है कि लोकनाट्य नाचा में फूहड़ता व्यथित गांव का जुनुनी युवा लोक कलाकार नजरिया रुपेश (अमित सिंह चौहान) एक अच्छा और बड़ा कलाकार बनने नाटक कंपनी में काम करने दिल्ली जाना चाहता है। वह मंडली के मैनेजर से कहता है हम नचनिया नहीं नजरिया हैं। मुझे डीजे पर फूहड़ डांस



नहीं करना, अच्छा लोक कलाकार बनना है। वह कला की मौलिकता के साथ मुफिलिसी से भी जूझ रहा है। घर में कटिया फंसाकर ली गई बिजली कट जाने से जाने से अंधेरा है और पत्नी भी छोड़कर जा चुकी है। अंधेरे से पिता का पांव भी फैक्चर हो जाता है, जिसके इलाज कराते जमा पैसे खर्च हो जाते हैं। जब रुपेश पिता से बड़ा लोक कलाकार बनने अपने साथ उन्हें भी दिल्ली चलने कहता है तो पिता कहते हैं कि बहू को माएके से ले आ या फिर घर में बिजली लगवा दे। फिल्म के क्लाइमेक्स में सुखद मोड़ उस वक्त आता है जब नजरिया रुपेश दिल्ली जाने जमा किए अपने पैसों से घर में सोलर पैनल लगवाता है।

घर के साथ पिता की आंखों में रौशनी देख रुपेश को यूं महसूस होता है मानो पिता की इस खुशी में ही बड़ा कलाकार बनने का उसका सपना साकार हो गया। फिल्म के निर्देशक चित्रांश श्रीवास्तव बताते हैं कि फिल्म मे लोक नाट्य में आती विकृति पर चिंता व एक कलाकार के जुनून के साथ गांवों सोलर पैनल के बढ़ते प्रचलन को भी स्पर्श किया गया है।

#### लोक कलाकार के संघर्ष की कहानी

फिल्म में एक लोक कलाकार के जुनून को बखूबी दिखाया गया है। निर्देशकीय बुनावट और अभिनय इतना प्रभावी है कि फिल्म कहीं भी काल्पनिक नहीं लगती। फिल्म में बैक ग्राउंट से गूंजते जन्म से लेकर मृत्यु के लोक गीतों कहानी सजीव लगती है। गांव से गुजरती ट्रेन जीवन की रफ्तार और सोलर लाइट से अंधेरे के बिंबों का बखूबी प्रयोग डायरेक्टर ने किया है। लोक कलाकार रुपेश छग के उन गुमनाम और जागरुक कलाकारों का प्रतीक है, जो नाचा की मौलिकता और विरासत को अक्षुण्ण रखने मुफलिसी और व्यवस्था की भेंट चढ़ गए। लोक कला की मौलिकता के साथ ग्राम्यांचल में सौर ऊर्जा के बढ़ते प्रचलन व जागरुकता के चलते यह फिल्म पेशेवर या कर्मिशियल कम फिल्म फेस्टिवल की प्रकृति के करीब अधिक लगती है। फिल्म में इस बात का भी संदेश दिया गया है कि आम ग्रामीण को सोलर एनर्जी का लाभ उठाने व्यवस्था के लोचा से दफ्तरों के कितने चक्कर लगाने पड़ते हैं। भैंसबोड़ बालोद में हालातों और लोककलाकारों व ग्रामीणों के बीच हुई जोखिम व श्रमसाध्य शूटिंग कलाकारों के लिए यादगार रही ।

#### ट्विनसिटी के युवा कलाकारों का कमाल

ब्रूकलोर के बैनर तले निर्मित आशुतोष ठाकुर निर्मित व चित्रांश श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म नजरिया की एक खासियत यह है कि इसमें भिलाई दुर्ग के प्रतिभावान युवा रंगमंच व छग फिल्म के कलाकारों ने काम किया है। इप्टा से 15 साल से जुड़े प्रतिभाशाली निर्देशक चित्रांश श्रीवास्तव के साथ नायक अमित चौहान व मैनेजर बने देवनारायण साहू व अफसर की भूमिका में देवनारायण साहू सहित 50 कलाकारों में अधिकांश भिलाई दुर्ग के हैं। एमएसडी से अभिनय में पगी आरती यादव (शीतल)रींवा की हैं। फिल्में लोकगीतों से छग की माटी की खुशबू बिखेरने वाले बैदराम देशमुख दीनदयाल रंगारी, दिलीप दास मानिकपुरी वास्तव में प्रसिद्ध लोकगायक हैं। अंकित सिंह की सजीव फोटोग्राफी, आधार के संगीत, नितिन प्रजापित के आर्ट डायरेक्शन, प्रशांत ठाकुर के संपादन से फिल्म दर्शकों व जूरी पर अमिट छाप छोड़ेगी। फिल्म के मुख्य सहायक निर्देशक राहुल चौधरी व रंग संयोजन गीतांजलि खन्ना का है।



## सिटी इवेंट

### मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करने हुई निबंध प्रतियोगिता



**भिलाई।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ मंजू साहू, सह-प्राध्यापक, शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों में मानवाधिकारों के प्रति सजग रहने और इसके प्रति जागरूकता से अवगत कराया। मानवअधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता का विषय मौलिक अधिकार था। डॉ आर एन सिंह, प्रति-कुलपति द्वारा विद्यार्थियों का अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करने की सीख दी। मानव अधिकार दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यशवर्धन कुम्भकार, बी.एड प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान जया साहू बी.एड प्रथम सेमेस्टर और तृतीय स्थान ऋशभ देव सोनबेर डी.एल.एड. प्रथम वर्श ने हासिल किया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार मौर्य, डॉ स्वाति पाण्डेय, हेमलता चंद्राकर, नीलम त्रेहान, दुर्गा श्रीवास्तव, अखिलेश सेन सहित सभी विद्यार्थियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

■ मानवाधिकारों के प्रति जागरुकता फैलाने हुई निबंध प्रतियोगिता

### छात्रों ने रैली निकालकर किया एड्स और नशामुक्ति के लिए जागरूक



**भिलाई।** यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस एवं नशा मुक्तभारत अभियान की शुरुआत करते हुए रैली निकाली। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के कारणो और सुरक्षा के लिए नुक्कड़ नाटक कर लोगो को जागरुक किया। बी एम कॉलेज कोलिहापुरी दुर्ग पुलगांव में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पार्षद अश्विनी निषाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने नशा नाश की जड़ है विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पुलगांव में रैली, मानव श्रृंखला, एड्स के कारणो और सुरक्षा के लिए नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के माध्यम से एचआईवी से बचने का संदेश फैलाया गया। नशा मुक्ति अभियान के लिए विद्यार्थियों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से नशा से होने वाली जान लेवा बीमारियों से ग्राम वासियों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक-अशैक्षणिक स्टाफ, विद्यार्थी, ग्रामवासी, वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन रेड रिबन के शपथ ग्रहण के साथ हुआ। जिसमे सभी ने एड्स से बचाव और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। संस्था की डायरेक्टर भानुमति साव ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

## वार्षिक उत्सव में गृहणियों ने किया संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन, श्रोता हुए मंत्र मुग्ध

**भिलाई।** एम आर लेआउट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित समंत म्यूजिक ग्रुप का वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। 15 दिसंबर 2015 को रामचंद्र समंत दवरा स्थापित यह समूह मुख्य रूप से महिलाओं और गृहणियों को अपनी कला और संगीत प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

■ एम.आर. लेआउट्स द्वारा प्रायोजित समंत म्यूजिक ग्रुप का आयोजन।



रविवार की सुबह 10 बजे एम.आर. लेआउट्स के संस्थापक मनोज राजपूत और प्रकाश चंद दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में भिलाई और दुर्ग के जाने-माने गायक और कलाकार शामिल हुए। उन्होंने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

समंत म्यूजिक ग्रुप ने पिछले नौ वर्षों में कई लोगो को आत्मनिर्भर बनाने में मदद की है। इस मंच के जरिए कई गृहिणियां अपनी प्रतिभा को पहचान दिला चुकी हैं। रविवार को आयोजित वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में कलावती समंत, एस.आर. वानखेडे, एस. प्रसाद राव, कमल अग्रवाल, दामोदर दलाई, रामचंद्र समंत, एमवी धर्मेंद्र राव, प्रकाश चंद्र बेहरा, दीपेश कुमार समंत, बी.एस मूर्ति, जी संगीता राव, रंजीता चव्हाण, बी रानी नायडू, अजय लोंधे, वी. प्रकाश राव, श्रीनिवास राव, संजय भर्ने, पद्मा राव, सी.एच. परसंगी, सृजाकल ने अपनी प्रतिभा की बेहतर प्रस्तुति दी।



कार्यक्रम के अंत में एम.आर. लेआउट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। मनोज राजपूत ने कलाकारों का सम्मान करते हुए कहा कि हम समाज में कला और संस्कृति के विकास को बढ़ावा देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें मंच प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। एम आर लेआउट्स ऐसे आयोजनों का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता है।

## राम लला की माताः संगीत-नाटक से दर्शकों को लुभाने आज होगा आयोजन

**भिलाई।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के प्रेरणादायक विचारों पर आधारित संगीत नाटक राम लला की माता दर्शकों को एक अनोखे अनुभव से रूबरू कराने के लिए तैयार है। इस नाटक में रामायण के कम चर्चित पात्रों, कैकेयी और मंथरा की भूमिका को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जाएगा।

पंकज मणि द्वारा लिखित और निर्देशित इस नाटक को बेंगलुरु आश्रम थिएटर के 18 कलाकार प्रस्तुत करेंगे। नाटक में समकालीन हास्य, गहन राजनीतिक व्यंग्य, और मौलिक संगीत का संगम है, जो दर्शकों को बांधे रखने का वादा करता है।

#### भिलाई में प्रदर्शन का आयोजन

आयोजक दिनेश कोटेजा ने बताया कि यह नाटक 16 दिसंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर, भिलाई में मंचित किया जाएगा। आश्रम मंडली, जो घरेलू कलाकारों का एक अद्वितीय समूह है, अपने दर्शकों के साथ गहरे जुड़ाव के लिए जानी जाती है। उनके जीवंत प्रदर्शन दर्शकों को खुद मंच का हिस्सा महसूस कराते हैं।

#### मिली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति

गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, दिल्ली एनसीआर और नेपाल के दौरे के दौरान राम लला की माता ने 40 से अधिक शो के माध्यम से न केवल रंगमंच प्रेमियों बल्कि सोशल मीडिया और प्रेस का भी ध्यान खींचा। इस नाटक को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से भरपूर प्रशंसा मिली है।

अब तक साढ़े तीन हजार कंबल बांट चुकी है परोपकार सेवा समिति

## ठिठुरती ठंड से बचाने जरूरतमंदों को अब तक बांट चुके साढ़े तीन हजार कंबल और पौधे भी

कार्नर न्यूज

भिलाई। ठिठुरती ठंड से लाचार, असहाय, गरीब जरूरतमंदों को बचाने के लिए सेक्टर 9 अस्पताल गेट के सामने शनिवार को परोपकार सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश्वर राव की अगुवाई में पांच सदस्यीय टीम ने कंबलों का वितरण किया। कंबल वितरण पूरे महीने हर दिन रात दस बजे तक चलेगा। इस महीने तीन सौ कंबल बांटने का लक्ष्य रखा गया है। मानवता की सेवा का यह आठवां वर्ष है। अब तक यह टीम साढ़े तीन हजार कंबल बांट चुकी है। टीम के अन्य सदस्यों में धीरज कुमार, वाई श्रीनिवास राव, एस वेंकट राव तथा डी मोहन राव शामिल हैं।



#### खुद के फंड से कंबल वितरण

टीम लीडर राजेश्वर राव ने बताया कि हमारी टीम कंबलों को गाड़ी में लादकर दुर्ग रेलवे स्टेशन से भिलाई 3 तक कड़कड़ाती ठंड में ठिठुर रहे जरूरतमंदों को पहले ढूंढ़ती है, फिर उन्हें कंबल वितरित करती है। ये असहाय गरीब रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, बंद दुकानों की सीढ़ियों सहित जहां कहीं भी ठिठुरते हुए पाए जाते हैं, हमारी टीम उनकी सेवा में तत्परता से जुट जाती है। चाहे वे किसी भी समुदाय के हों, बिना किसी भेदभाव के उनकी मदद की जाती है। इस कार्य के लिए उनकी टीम ने खुद का फंड बनाया हुआ है। कंबल वितरण के दौरान तेलुगु सेना प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवुलु, जिलाध्यक्ष डी मोहन राव, मीडिया प्रभारी टी सहदेव, समाजसेवी एनएन राव, तिरुमला तेलुगु महिला समाज की अध्यक्ष टी जयारेड्डी, के लक्ष्मीनारायण, ई आदि नारायण समेत तेलुगु सेना कोर कमेटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

#### पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका

अन्य दिनों में यह टीम घर-घर जाकर पौधों का निःशुल्क वितरण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करती है। इसके अलावा यह टीम पौधों की उचित देखभाल और उनका संरक्षण करने वाले लोगों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान भी करती है। अब तक राजेश्वर राव दस हजार से अधिक पौधों को पेड़ बना चुके हैं और हजारों की संख्या में पौधे वितरित कर चुके हैं। इतना ही नहीं वे भिलाई स्टील प्लांट में भी फलदार और छायादार पेड़ लगा चुके हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए उन्हें दुर्ग विभाग द्वारा गत वर्ष पर्यावरण मित्र सम्मान से नवाजा गया। उन्हें इसी कार्य के लिए भिलाई रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# निकुम में वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ आयोजन के लिए संतश्री माताजी की टीम तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला मुख्यालय दुर्ग से 14 किलोमीटर दूर निकुम में वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जय शक्ति आश्रम राजलक्ष्मी मंदिर निकुम में महायज्ञ की भव्य आयोजन की रूपरेखा और व्यूहरचना आश्रम के संत श्रीमाता जी स्वंय की बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए धर्मावलंबियों की विशेष टीम बनाई जा रही है। इस टीम को आयोजन की हर विभाग की जिम्मेदारी संत श्रीमाता जी सौंप रहे हैं। राजसूय महायज्ञ का आयोजन 1 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक चलेगा।

## महायज्ञ स्थल की व्यूहरचना निकुम जयशक्ति आश्रम में हो रही तैयार

### दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर के श्रद्धालुओं की दिखेगी भक्ति

निकुम जय शक्ति आश्रम निकुम में न केवल दुर्ग जिला बल्कि आसपास के सैकड़ों ग्रामीण कार्यकर्ता बनने लिए लिए संपर्क कर रहे हैं। संतश्री माता जी ने इन कार्यक्ताओं की टीम बनाई है। जो विभिन्न कार्यों को तन-मन-धन से समर्पित होकर अंजाम तक पहुंचाएंगे। भगवान श्रीहरि विष्णु और माता देवी महालक्ष्मी की कृपा पाने इस महायज्ञ में शामिल लोगों के लिए खास अवसर है। इसलिए श्रद्धालु संत श्री के आश्रम में प्रतिदिन जुट रहे हैं और स्वयं सेवा के लिए तत्पर हैं।



### राजसूय महायज्ञ का ऐसा सौभाग्य

वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ में दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेशभर के श्रद्धालुओं की भागीदारी होगी। दुर्ग जिले के रहवासियों के लिए यह बड़ा सौभाग्य का विषय है कि संत श्रीमाता जी के द्वारा ऐसा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगों के कष्ट और दुख-दर्द तक दूर हो जाते हैं। मान्यता है कि यज्ञ से मनोकामना की पूर्ति होती है। धन प्राप्ति का उल्लेख मिलता है। कर्मों के प्रायश्चित और अनिष्ट को रोकने के लिए भी यह राजसूय महायज्ञ किए जाते रहे हैं। लोगों के दुर्भाग्य से मुक्ति और सौभाग्य की प्राप्ति, रोगों से मुक्ति आदि के लिए यज्ञ कराने का विधान है।



### ब्रम्हा जी ने मनुष्यों के साथ यज्ञों की रचना की: संत श्रीमाता जी

जय शक्ति आश्रम निकुम के संत श्रीमाता जी बताते हैं कि राजसूय महायज्ञ के आयोजन यज्ञ का संपूर्ण वर्णन वेदों में मिलता है। यज्ञ का अर्थ अग्नि पूजा से है। वेद ग्रंथों में यज्ञों के महत्व और महिमा को लेकर कहा गया है कि, इससे भगवान प्रसन्न होते हैं। ब्रह्मा जी ने मनुष्यों के साथ यज्ञों की भी रचना की है। उन्होंने यज्ञ को मनुष्यों की उन्नति का कारक बताया है। धर्मशास्त्रों के अनुसार, यज्ञ करने से देवता प्रसन्न होते हैं और इच्छा व मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। क्रमशः

## खबर संक्षेप

### खोला में 18 दिसम्बर को घासीदास जयंती

**जामगांव आर।** संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती 18 दिसम्बर को खोला में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया है। समारोह को जन व्यापी बनाने के लिए मंडई मेला भी रखा गया है। दोपहर 12 बजे से प्रभातफेरी एवं पूजा पंथी नृत्य प्रदर्शन किया जाएगा। 4 बजे ध्वजारोहण और रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम पामगढ़ (जांजगीर चांपा) सोनचिरैया भगत गुलेरी की प्रस्तुति होगी।

### गायत्री महायज्ञ 2 से

**सेलूद।** सेलूद में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक के आयोजन के प्रथम दिवस आदर्श वर्मा छत्तीसगढ़ दक्षिण जोन प्रभारी एवं डॉ अरुण मढ़रिया डायरेक्टर गायत्री हॉस्पिटल शामिल होंगे।

## निधन

### अनुज राम देशमुख



**भिलाई।** ग्राम चिंगरी निवासी अनुज राम देशमुख उम्र 58 वर्ष का निधन शनिवार रात को हृदयाघात से हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 दिसंबर को ग्राम चिंगरी के मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया गया। वे दुर्गा बाई के पति और जितेंद्र देशमुख व पत्रकार गुलाब देशमुख के पिता थे।

## बीएसएनएल विभाग की नाकाम सेवा से उपभोक्ताओं में नाराजगी

# बीएसएनएल 4जी सुचारू सेवा के लिए 2100 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम बैंड की लोगों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बीएसएनएल विभाग की नाकाम सेवा से परेशान उपभोक्ताओं ने बीएसएनएल सेवा की जानकारी के लिए गूगल से जानकारी चाहा तो पता चला कि दूरसंचार विभाग द्वारा अपनी 4जी बीएसएनएल सेवा के लिए दो स्पेक्ट्रम बैंड 700 मेगाहट्र्ज और 2100 आबंटित किए हैं। लेकिन 4जी सेवा जामगांव आर एरिया में अभी भी नाकाम है राउंड ले रहा है। विभाग ने 4जी प्रारंभ होने का आनंद लेने का ढिंढोरा पीट दिया उपभोक्ताओं ने 4जी सेट भी ले लिया लेकिन आश्वासनों की आदत से लाचार विभाग आश्वासन का तगड़ा नेटवर्क अभी भी बना हुआ है।

### नेटवर्क प्राब्लम से उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कत





### 4जी सेवा अच्छा काम के समय राउंड लेने लगता है

किसानों, पत्रकारों, विद्यार्थियों, दुकानदारों, शिक्षण संस्थाओं सहित आम उपभोक्ताओं ने जामगांव आर एरिया में 4जी सेवा प्रारंभ होने से खुशी जाहिर किए और 4जी रैंक का मोबाइल सेट खरीद लिए। लेकिन मोबाइल पर नेटवर्क के राउंड राउंड से काफी दुखी और नाकाम सेवा से आक्रोशित होने लगे हैं। वहीं महत्वपूर्ण कार्य के समय नेटवर्क राउंड लेना शुरू कर देता है। ग्रामीण प्रेस प्रतिनिधियों ने बताया कि संध्या के समय महत्वपूर्ण समाचार प्रेस को मेल करना होता है किसानों को टोकन के लिए नेटवर्क की आवश्यकता होती है, पढ़ाई की दृष्टि से विद्यार्थियो को महत्वपूर्ण जानकारी कलेक्ट करनी होती है सब काम पर नाकाम सेवा पानी फेर देता है।

### 25000 लोग नाकाम 4जी सेवा से परेशान होते हैं

जामगांव आर एरिया में 25000 आमजनता बीएसएनएल की नाकाम 4जी सेवा से परेशान है। विभाग के अधिकारी अपने फोन सेट पर 4जी आनंद लेने का टोन सेट कर जले में नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं और उपभोक्ता अधिकारी से बात करने के पहले टोन सुनकर हैरान हो जाते हैं कि यहां तो 4जी सेवा राउंड ले रहा है तो आनंद कैसे ले। विभाग के अधिकारियों ने जामगांव आर को प्राथमिकता मिलने का आश्वासन विगत कई वर्षों से देते आ रहे हैं। वादा निभाने में नाकाम विभाग की खोखली आश्वासन नीति से उपभोक्ताओं में आक्रोश पनपने लगा है।

### मुख्यालय की नाकामी अधिकारी बोल नहीं पा रहे


उपभोक्ताओं को विभाग की आश्वासन नेटवर्क के पीछे लगने लगा है कि दिल्ली से ही अधिकारियों की मांग पूर्ति नहीं हो पा रही है और अधिकारी आश्वासन के झूले में उपभोक्ताओं को विवशता पूर्वक झुलाए जा रहे हैं। मातहत होने के कारण आबंटन की बात उपभोक्ताओं को नहीं बोल पा रहे। लगता है जामगांव आर को 700 मेगाहट्र्ज की स्पेक्ट्रम बैंड उपलब्ध कराई गई जो सेवा में नाकामी का इतिहास लिख रही है। 4 जी सुचारू सेवा के लिए जामगांव आर को 2100 मेगाहट्र्ज की स्पेक्ट्रम बैंड उपलब्ध कराया जाए और आश्वासन के नेटवर्क को धरातल में उतारा जाए।

### कैंप लगाकर बीएसएनएल ग्राहक बढ़ाने सिम बेचा करते थे

उपभोक्ताओं ने कहा कि बीएसएनएल गांव और शहर में कैंप लगाकर ग्राहक बढ़ाने सिम बेचने स्कीम भी चलाया करते थे। एक दशक पहले सक्रिय अधिकारियों ने योजना बद्ध तरीके से व्यापक मेहनत कर ग्राहक बढ़ाए और अब अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते ग्राहक इधर उधर कंपनी की सेवा लेने के लिए विवश दिखने लगे है। लगता है अधिकारी विभाग के मेहनत पर पानी फेरने लगे है। विभाग माकूल व्यवस्था करने में नाकाम रहेगी तो ग्राहकों का दूसरी कंपनी से जुड़ने की सक्रियता बढ़ना स्वाभाविक है। जामगांव आर से बोरवाय, भरर, कुम्हली, औरी, भनसूली, टेमरी, रनचिराई, पौहा, जामगांव आर के लगभग 25 हजार ग्रामीण नेट सेवा से लाभान्वित होते हैं। डॉ. एनके चंद्रवशी, पीएल बारले, बुधारू राम, भीखम राठी, चंद्रिका चंद्राकर, भारत निर्मल, पोषण निर्मल, माया कौशिक, नेतराम ठाकुर, राधेश्याम राठी, पवन साहू, विजय चंद्राकर, पुखराज ठाकुर, नरेश केला, मनीष वैद, प्रेमचंद चोरड़िया आदि उपभोक्ताओं ने कहा कि मोदी की गारंटी की तरह गारंटी सेवा उपलब्ध कराने की मांग किए है।वहीं विभाग के एसडीओ डीके बागड़े ने बताया कि सुचारू व्यवस्था के लिए प्रयास जारी है। फिर भी त्वरित चेक करवाता हूं।

## अंचल की खबरें

### सेलूद समिति को दिया वाटर फिल्टर कूलर



**सेलूद।** सहकारी समिति सेलूद के किसान संतोष साहू ग्राम ढौर द्वारा अपनी पत्नी स्व. मंजूलता साहू की स्मृति में सेलूद समिति को पानी फिल्टर वाटर कूलर प्रदान किया। जिसका शुभारंभ खेमीन साहू सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद, सेलूद समिति के प्राधिकृत अधिकारी टामन लाल साहू, खेमलाल साहू भाजपा मध्य पाटन, मंडल अध्यक्ष रमेश देवांगन, अध्यक्ष आत्मानंद स्कूल सेलूद, उत्तम धनकर पूर्व अध्यक्ष सेलूद समिति आदि द्वारा किया गया। खेमलाल साहू ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जल है तो जीवन है, जल है तो कल है। इस अवसर पर चम्पा यादव, करण साहू, चंदन चौधरी, योगेश साहू आदि उपस्थित थे।

### फरमानिया ट्रस्ट ने किया स्वेटर वितरण



**उतई।** श्रमिक बस्ती जोरातराई में स्व. सरबतीदेवी बनारसीदास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट पेंड्रा, के संस्थापक सुरेश फरमानिया ने स्वेटर वितरण किया। फरमानिया ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला जोरातराई स्कूल में उपस्थित समस्त बच्चों को स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर सुरेश फरमानिया ने अपने उद्बोधन में बच्चों को भगवान स्वरूप बताया, संस्था की ओर से प्रधान पाठक दिलीप वर्मा, प्रधान पाठक सरिता नायक एवं गांव के पार्षद हरिश्चंद्र नायक द्वारा पौधा, साल और श्रीफल से फरमानिया का सम्मान एवं अतिथि के रूप में उपस्थित नवीन शिक्षण संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू का भी सम्मान साल और श्रीफल से साथ ही जोरातराई वार्ड के पार्षद हरिश्चंद्र नायक का भी सम्मान साल और श्रीफल से किया गया।

# कैंडल मार्च निकालकर एसोसिएशन ने स्व.अतुल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मेन्स राइट्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ पुरुष अधिकारों के लिए, महिलाओं के लिए बने कानून के दुरुपयोग के विरुद्ध तथा पुरुष आयोग की मांग एवं पुरुषों के स्वास्थ्य व पुरुषों के बढ़ते आत्महत्या दर के गंभीर विषय, कानून के दुरुपयोग को आवश्यक रूप से दंडनीय बनानेएवं लैंगिक भेदभाव वाले कानून को संसोशन करके जेंडर न्यूट्रल बनाये जाने के कार्य योजना पर निरंतर कार्य करती रही है । संस्था द्वारा प्रत्येक शनिवार को ओल्ड नेहरू नगर पार्क, भिलाई, जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़ में शाम 5 बजे मीटिंग होती है। वहां पर प्रताड़ित और पीड़ित लोगों के समस्या का समाधान बताया जाता है। इसके साथ ही संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को शाम 5 बजे ऑनलाइन मीटिंग का भी आयोजन भी किया जाता है। रविवार को एसोसिएशन के सदस्यों ने स्व. अतुल सुभाष को सिविक सेंटर से कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि अतुल सुभाष जो बैंग्लोर में एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करने वाला एक होनहार एआई इंजीनियर था, जिसने कानून के दुरूपयोग और उसके उत्पीड़कों के द्वारा उसे प्रताड़ित किये जाने के सम्बन्ध में लगभग 1 घंटे 20 मिनट का



■ मेन्स राइट्स एसोसिएशन का आयोजन

वीडियो बनाकर तथा 24 पेज का अपना आत्महत्या पत्र लिखकर आत्महत्या कर लिया है। अतुल सुभाष ने अपने आत्महत्या पत्र और वीडियो में बताया है कि, किस तरह महिलाओं के लिए बने कानून का दुरुपयोग उसकी पत्नी, सास, साला और ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा किया जा रहा था, उसके विरुद्ध झूठे मुकदमें दाखिल किया जा रहा था, उसे उसके साढ़े चार साल के बच्चे से मिलने भी नहीं दिया जाता। अतुल सुभाष और उसके परिवार के विरुद्ध उसकी पत्नी द्वारा 9 प्रकरण दर्ज करवाए गए है। अतुल सुभाष ने अपने आत्महत्या पत्र और वीडियो में यह भी बताया है कि, उसकी पत्नी निकिता सिंघानिया और उसके परिवार वाले 3 करोड़ रुपयों की मांग करते। इस विषय में अतुल सुभाष ने प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जौनपुर, उतर प्रदेश को जानकारी दिया कि, ये लोग रुपयों के लिए मुझे और मेरे परिवार को फर्जी केस करके प्रताड़ित कर रहें है । मेरे द्वारा मेनटेंस का रूपया लेकर, मेरे ही रुपयों को दुरूपयोग मेरे विरुद्ध इस्तेमाल किया जा रहा है। अतुल सुभाष ने अपने आत्महत्या पत्र और वीडियो में यह आरोप लगाते हुए बताया है कि 21 मार्च 2024 को प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जौनपुर, उतर प्रदेश के केबिन में जज ने उन्हें प्रकरण में समझौता करने के लिए कहा, तब अतुल सुभाष ने उन्हें कहा कि, मैम ये लोग पहले 1 करोड़ की मांग कर रहे थे लेकिन आपके द्वारा अंतरिम भरण पोषण के आदेश देने के बाद ये लोग 3 करोड़ की मांग कर रहें है। इस पर जज ने उन्हें कहा कि, फिर होंगे तुम्हारे पास 3 करोड़, इसलिए मांग रहें है । इस पर अतुल सुभाष ने जज से कहा कि, मैम, आप पेटिशन देखिये, इन लोगे ने कैसे इलज़ाम लगाए है मेरे और मेरी फैमिली पर कितने सारे केसेस डाले है । मुझे मेरे बच्चे से नहीं मिलने दे रहे । ये खुद घर छोड़ के गयी है । मुझे और मेरी फैमिली को हराश कर रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में हुई बैठक




**निकुम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति गठन के बाद पहली बैठक हुई। जिसमें कई विभाग के संबंधित अधिकारी नहीं पहुंचने से विधायक चन्द्राकर में नाराजगी देखी गई। उन्होने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया। सीएसी निकुम, रिसाली व उतई सहित सभी 11 पीएससी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मरीजों को देने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों व शहरी क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य, इलाज, दवाई सहित सुविधाओं का लाभ सीधे मरीजों को मिले। समय पर डयुटी करे, लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही करुंगा। वहीं निकुम अस्पताल में नये केज्वुलिटी, केंटिन सुविधा, स्टाफ को ड्रेस कोड, नेम प्लेट सहित अस्पताल में साफ-सफाई ठीक ढंग से हो। वहीं खण्ड चिकित्सा अधिकारी निकुम डॉ. एनएल बंजारे ने अस्पाताल कहा कि पहले से ओपीडी बढ़ाई गई है व बेहतर इलाज सुविधा मिल रही है। जिसमें प्रतिनिधिगण भैयालाल, पंचराम देशमुख, सुरेश साहू, सरंपच निकुम मुक्ति सुधाकर सहित स्टाफगण उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद



**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 65 बार कर चुके हैं रक्तदान, बेटी के जन्मदिन पर देहदान का लिया संकल्प

# जीवनभर मरीजों की सेवा कर, विद्यार्थियों की मेडिकल पढ़ाई के लिए देहदान करेंगे चन्द्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपने लिये जिये तो क्या जिये, तू जी, ऐ दिल जमाने के लिये इन बातों को चरितार्थ कर रहे हैं। दुर्ग जिले के ग्राम जंजगिरी निवासी 43 वर्षीय चन्द्रहास देशमुख जो जिला दुर्ग के उपस्वास्थ्य स्वास्थ्य केन्द्र उरला में पदस्थ वर्तमान में आरएचओ पद पर कार्य कर जीवन भर मरीजों की सेवा कर अपनी मौत के बाद मेडिकल छात्र-छात्राओं के पढ़ाई के लिए देहदान करने की घोषणा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर व अपने पूरे परिवार के समक्ष अपनी बेटी के जन्म दिन पर के देहदान करने की घोषणा किया। गौर हो कि अपने 43 वर्ष के जीवन में आज पर्यन्त तक 65 बार रक्तदान कर कई लोगों के जीवन में बचाकर उनके जीवन में खुशियां भरकर समाज के लिए प्रेरणाश्रोत बन रहे हैं।

चन्द्रहास देशमुख ने बताया कि जीवन का दूसरा अर्थ सेवा है, संसार में ऐसा काम करना कि दूसरे जीवों को लाभ हो, क्योंकि इस शरीर को जलाने के बजाए, मेडिकल कॉलेज को दान करुंगा क्योकि मेरे शरीर के एक-एक अंग मेडिकल छात्रों के काम है, ऐसी सोच व संस्कार सेवानिवृत्त शिक्षक पिता चन्द्रीका प्रसाद देशमुख से बचपन में कक्षा चौथी से शिक्षा मिला , तब रामचरित मानस को जीवन शैली में अपना निःस्वार्थ भाव से समाज में सेवा कर रहे हैं। वहीं भिलाई कॉलेज में पढ़ाई करते हुए वर्ष 2002 में अपने सहपाठी घायल स्टूडेन्ट को पहली बार रक्तदान कर बीते 22 वर्ष में अब तक 65 बार रक्तदान कर मिसाल बन कर कई लोगों में फैली भ्रांति को दूर कर रक्तदान स्वयं कर कई लोगो को मोटिवेट किया।



### दिव्यांग तृष्णा सहित 16 स्कूली बच्चों को सहायता

सेवा भाव रग रग में है, कभी समाज तो कभी निर्धन छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए दान करते हैं, अपने कार्य के दौरान कई बच्चों को शिक्षा के लिए सामग्री सहित कई जरुरतों का समान शिक्षकों के माध्यम से जाकर करते हैं, अपने गृहग्राम के 3 बच्चों सहित अंडा, बोरिकारका में मूकबधिर तृष्णा साहू जो कि कक्षा 11 वीं पढ़ रही है, अभी 17 बच्चों को सहयोग देकर शिक्षादान कराकर अनुकरणीय पहल कर रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेज को कर दी देहदान

कक्षा 8 वी में उसकी बेटी गोपा पढाई कर रही है, गोपा का अर्थ कृष्ण की प्रिया होती है, उसके जन्मदिन पर अपनी पत्नि चन्द्रकुंवर देशमुख भी स्वास्थ्य विभाग दुर्ग में कार्यरत है, बेटा भौमिक भी कक्षा 4 स्टैण्ड्र में है।वही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में पहुंचे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, बीएमओं डॉ. एनएल बंजारे स्टाफ के सामने देहदान का संकल्प पत्र भरा। इस अवसर पर विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि समाज व क्षेत्र में आरएचओ चन्द्रहाश देशमुख ने स्वास्थ्य विभाग में कार्य करते हुए बहुत ही सराहणीय पहल किया है। आगे चन्द्रहाश ने कहा कि अगर जीते जी कुछ ना कर सका,तो मरने के बाद मानव शरीर मेडिकल छात्रों के पढाई के लिए काम आयेगा , वहीं रक्तदान कर किसी की जान बचा सकते है। समाज में झूठी अफवाह, फैली भ्रांति से ऊपर उठकर नये सोच, नई विचार के साथ कार्य करने की जरुरत है। जो मानव जीवन को धन्य बना देगा।


हरिभूमि
23rd
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि भिलाई संस्करण के
23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


SIGMA Farm's
भिलाई पावर हाऊस नंदनी रोड से मात्र 10 कि.मी की दूरी पर बागडूमर में
फार्म हाऊस का सपना पूरा करें अपना...
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
आम सुविधाएँ :-
• भव्य प्रवेश द्वारा • डब्ल्यू.बी.एम. रोड • पूर्णतः चेन फेन्सिंग • पानी • स्ट्रीट लाइट
• स्वीमिंग पूल • भव्य प्रवेश द्वारा • लैंडस्केप गार्डन • बिजली • वृक्षा रोपण (खम्हेर एवं फलदार वृक्ष)
हरिभूमि भिलाई संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Call : 9200002422
Office : Near Nehru Bhavan, Supela, Bhilai


हरिभूमि भिलाई संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सहकारिता का साकार सपना
सबसे न्यारा स्मृति नगर अपना
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
मंगल भवन
श्री शंकराचार्य उद्यान
मंगल भवन, स्मृति नगर, भिलाई
शंकराचार्या उद्यान
स्वामी विवेकानंद भवन
बाल गंगाधर तिलक उद्यान
वाटर फाल स्मृति नगर, भिलाई
रानी लक्ष्मी बाई हॉल
बास्केट बाल मैदान
लॉन टेनिस कोर्ट
ओपन जिम
एस.के. दास मेमोरियल उद्यान
स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था की ओर से शुभकामनाएँ....


MR
MANOJ RAJPUT
LAYOUTS PVT. LTD.
विश्वास, भरोसा एवं गारंटी के साथ
मकान बनाते हैं,
घर बसाते है
दुर्ग शहर में
अब प्लॉट के साथ घर भी
हरिभूमि
23rd
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि
भिलाई संस्करण
के 23 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Bafna Toll Plaza, Bypass Road, Durg, (C.G) Phn No :- +91 7247006609, +91 7247006610
Visit us :- www.mrlayouts.com Email :- Info@layouts.com


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
हरिभूमि
23rd
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि की 23वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक